प्रेषक,

आर0वी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उ0प्र0 प्रयागराज।

बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊः दिनांकः 16 जून, 2021

विषयः-डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2021 आनलाइन आवेदन एवं प्रवेश/चयन प्रक्रिया हेतु समय-सारिणी के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-गोप/डी0एल0एड0-21/491-495/2021-22 दिनांक 04.06.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासनादेश संख्या- 426/68-4-2019-2067/2013 दिनांक 25.06.2019 में दिये गये दिशानिर्देशों के अनुसार वर्तमान में डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2021 के आनलाइन आवेदन एवं चयन/प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही मेरिट के आधार पर आनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से आयोजित कराये जाने हेतु समय-सारिणी का प्रस्ताव प्रेषित करते हुए प्रस्तावित समय-सारिणी के अनुसार डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2021 के आनलाइन आवेदन एवं चयन/प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही कराये जाने हेतु शासनादेश निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश संख्या-426/68-4-2019-2067/2013 दिनांक 25.06.2019 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार वर्तमान में डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2021 के आनलाइन आवेदन एवं चयन/प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही मेरिट के आधार पर आनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से आयोजित कराये जाने तथा डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2021 के आनलाइन आवेदन एवं चयन/प्रवेश प्रक्रिया हेतु निम्नलिखित समय-सारिणी पर अनुमोदन प्रदान किया जाता हैः-

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2021 चयन/प्रवेश की कार्यवाही हेतु समय-सारिणी

1	सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा आनलाईन आवेदन हेतु एकीकृत रूप से विज्ञापन प्रकाशित कराना		15 जुलाई, 2021
2	आनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ करने/आवेदन शुल्क जमा करने की प्रारम्भ तिथि		दिनांक 20 जुलाई 2021 (अपराहन से)
3	आनलाईन रजिस्ट्रेशन करने की अन्तिम तिथि		दिनांक 10 अगस्त 2021
4	आनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि		दिनांक 11 अगस्त 2021

2/-

SARKARIRESULT.COM

5	आनलाइन आवेदन पूर्ण कर प्रिंट लेने की अंतिम तिथि		दिनांक 12 अगस्त 2021
6	अभ्यर्थियों के वर्गवार/श्रेणीवार मेरिट के क्रम में राजकीय एवं निजी संस्थानों में आवंटित सीटों के सापेक्ष चयन हेतु अभ्यर्थियों से संस्थान का विकल्प लेने एवं अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये विकल्प के क्रम में एन0आई0सी0 लखनऊ द्वारा संस्थान आवंटित करने हेतु काउंसलिंग का प्रथम चरण		दिनांक 18 अगस्त 2021 से 30 अगस्त 2021 तक
7	काउंसलिंग के प्रथम चरण के अन्तर्गत आवंटित संस्थान में अभ्यर्थियों द्वारा अभिलेखीय जांच एवं प्रवेश की कार्यवाही करना प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूचना सम्बन्धित संस्थान द्वारा वेबसाइट पर अपलोड किया जाना		दिनांक 06 सितम्बर 2021 तक
8	प्रशिक्षण प्रारम्भ		दिनांक 07 सितम्बर 2021 से
9	अभ्यर्थियों के वर्गवार/श्रेणीवार मेरिट के क्रम में राजकीय एवं निजी संस्थानों में यदि सीटें अवशेष रह जाती हैं, तो रिक्त सीटों के सापेक्ष चयन हेतु अभ्यर्थियों से संस्थान का विकल्प लेने एवं अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये विकल्प के क्रम में एन0आई0सी0 लखनऊ द्वारा संस्थान आवंटित करने हेतु काउंसलिंग के द्वितीय चरण की तिथि		दिनांक 13 सितम्बर 2021 से 24 सितम्बर 2021 तक
10	द्वितीय चक्र में आवंटित संस्थान में अभ्यर्थियों द्वारा अभिलेखीय जांच एवं प्रवेश की कार्यवाही करना तथा प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूचना वेबसाइट पर अपलोड किया जाना		दिनांक 28 सितम्बर 2021 तक
11	द्वितीय चक्र में प्रवेशित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ		दिनांक 29 सितम्बर, 2021 से

भवदीय,

आर0वी0 सिंह
विशेष सचिव।

SARKARIRESULT.COM